फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 — दिनॉक: मार्च 06, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**थाना खतौली पुलिस द्वारा 10 हजार के ईनामी/वांछित डकैत अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया घायल/गिरफ्तार, कब्जे से बिना नम्बर मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद।**

अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी खतौली के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी खतौली के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06.03.2023 को उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह मय उ0नि0 श्री मशकूर अली मय हमराह है0का0 582 सन्नी अत्री, का0 178 प्रवीण कुमार, का0 614 राहुल कुमार, का0 413 शिवम कुमार, का0 1394 सुधीर शर्मा, का0 285 मोहित चौधरी के वास्ते चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, शांति व्यवस्था एवं देखरेख हेतु थानाक्षेत्र से रवाना होकर अलकनन्दा गंगनहर पुल पर बुआडा गांव की ओर आने जाने वाले संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे तभी उ0नि0 श्री मोहित चौधरी मय हमराह का0 516 सोनू भी चैकिंग स्थल पर आ गए। पुलिस टीम एक साथ मिलकर चैकिंग कर रही थी। कुछ देर बाद 01 माटरसाईकिल अपाचे बिना नम्बर प्लेट पर 02 व्यक्ति गाजियाबाद की तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा इन्हे रोकने का प्रयास किया गया परन्तु मोटरसाईकिल सवार बुआडा की तरफ मोटरसाईकिल दौडाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों का पीछा किया गया तो करीब 1.5 किमी0 आगे नहर पटरी पर बदमाशों ने अपने आपको पुलिस द्वारा घिरा देखकर अपनी मोटरसाईकिल खेतों की तरफ मोड दी जैसे ही पुलिस टीम इनके नजदीक पहुचीं तो मोटरसाईकिल चालक ने पीछे बैठे व्यक्ति से कहा कि कलीम गोली मार नहीं तो पकडे जायेगें तब मोटरसाईकिल पर पीछे बैठे बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई जिसमें पुलिस टीम सिखलाए गए तरीके से बाल–बाल बची। इतने में बदमाशों की मोटरसाईकिल खेत की मेड से टकराकर गिर गई तो दोनों बदमाश भागकर ईख के खेत में छिप गए। पुलिस टीम द्वारा समस्त घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गई। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु ललकारा गया परन्तु बदमाशों द्वारा पुनः पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। तब पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ बदमाशों को डराने हेतु जमीन की तरफ सूक्ष्म फायरिंग की गई जिससे बदमाश डर जायें और आत्मसर्मपण कर दें। कुछ देर बाद ईख के खेत से फायर आने बन्द हो गये तो पुलिस टीम द्वारा सिखलाए गए तरीके से धीरे–धीरे ईख के खेत के अन्दर घुसकर देखा तो 01 बदमाश कराह रहा था एवं 01 बदमाश वहां से भाग रहा था जिसका पीछा का0 1394 सुधीर शर्मा व का0 285 मोहित चौधरी द्वारा किया गया। पुलिस टीम द्वारा खेत के अन्दर पडे बदमाश को देखा तो उसके दाहिने पैर से खून बह रहा था। इतने में भाग रहे बदमाश का पीछा कर रहे का0 1394 सुधीर शर्मा व का0 285 मोहित चौधरी द्वारा आकर बताया गया कि दूसरा बदमाश खेतों की आड लेकर भागने में कामयाब रहा। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को प्राथमिक उपचार देकर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम कलीम पुत्र यासीन निवासी सराफत कालोनी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर बताया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सरकारी वाहन से सीएचसी खतौली में भर्ती कराया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अपाचे मोटरसाइकिल बिना नम्बर व 01 तमंचा मय 02 खोखा कारतूस 315 बोर की बरामदगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर मु0अ0स0 106/2023 धारा 307,414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 मौ0 अतर खान द्वारा की जा रही है।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम–**

1. कलीम पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला शराफत कॉलोनी थाना खतौली मुजफ्फरनगर (घायल/गिरफ्तार)।

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 01 अपाचे मोटरसाइकिल बिना नम्बर।
2. 01 तमंचा मय 02 खोखा कारतूस 315 बोर।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त कलीम पुत्र यासीन उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0स0–790/19 धारा 380,411 भादवि थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
2. मु0अ0स0–822/19 धारा 380,411 ,457 भादवि थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
3. मु0अ0स0–36/23 धारा 147,148,149,307,395,412 भादवि थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।**(वांछित व 10 हजार रुपये का ईनामी)**
4. मु0अ0स0–29/23 धारा 395,412 भादवि थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर।**(वांछित)**

**घायल/गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री मशकूर अली थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
3. उ0नि0 श्री मोहित चौधरी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
4. है0का0 582 सन्नी अत्री थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
5. का0 178 प्रवीण कुमार थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
6. का0 614 राहुल थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
7. का0 413 शिवम थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
8. का0 1394 सुधीर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
9. का0 285 मोहित कुमार थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।
10. का0 516 सोनू थाना खतौली, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का डकैत प्रवृत्ति का अपराधी है। जो थाना खतौली एवं मन्सूरपुर से डकैती के अभियोगों में वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा 10,000/रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।